हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज
बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयां केवल समय और पैसे की बर्बादी है, जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपिनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हजारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343

## बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री से प्रीतेश ने लिया आशीर्वाद



**धमतरी।** राजधानी में हनुमंत कथा का श्रवण कराने सिद्धपीठ बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छतीसगढ़ पहुंचे। माना विमानतल पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं छग प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भाजपा प्रीतेश गांधी ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दण्डवत प्रणाम करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

## तेलीनसती में असामाजिक तत्वों ने शिवलिंग को उखाड़कर फेंका



■ ग्रामीणों में आक्रोश

**धमतरी।** तेलीनसत्ती में असामाजिक तत्वों ने प्राचीन शिव मंदिर से शिवलिंग को निकालकर फेंक दिया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। धमतरी शहर से लगे ग्राम तेलीनसती में आसमाजिक तत्वों ने शुक्रवार की रात में हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने का कार्य किया है। वर्षों से स्थापित पुराने प्राचीन शिव मंदिर से शिवलिंग को उखाड़कर फेंक दिया है जिससे गांव में तनाव और आक्रोश फैला हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## चलती पिकअप पर खड़ा मजदूर बैरियर से टकराया, गंभीर


**धमतरी।** सीमेंट भरकर जा रही पिकअप में खड़े मजदूर का सिर बैरियर से टकरा गया। इस घटना में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम एक पिकअप सीमेंट भरकर खाली करने बठेनापारा के नहर मार्ग से गुजर रही थी। पिकअप की ट्राली में भरे सीमेंट के उपर एक मजदूर खड़ा हुआ था। एकता अस्पताल के पास नहर मार्ग पर लगा बैरियर ज्यादा झुका हुआ था।



पिकअप बैरियर के नीचे से गुजर रही थी। उसमें खड़े मजदूर को अंधेरा होने के कारण बैरियर दिखाई नहीं दिया। इसी दौरान बैरियर अचानक मजदूर के सिर से टकरा गया। इस घटना में पिकअप में खड़ा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उसे तत्काल एकता अस्पताल में भर्ती कराया। घायल मजदूर का नाम सोनू यादव बताया जा रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**मेघा में लोकरंग अर्जुंदा की प्रस्तुति 7 को : मगरलोड।** नव दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर 7 अक्टूबर की रात्रि में लोकरंग अर्जुंदा की प्रस्तुति होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आंनद चंद्राकर कृत लोकरंग काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम का आंनद लेने की अपील की है।

**जन जागरूकता अभियान स्थगित : अंवरी।** 6 अक्टूबर को गांधी मैदान धमतरी में प्रस्तावित आजादी के आंदोलन जन जागरूकता अभियान को अनुमति अप्राप्ति के कारण स्थगित कर दिया गया है। आंदोलन के सूत्रधार पं. शंकर दादा ने बताया कि जन जागरूकता अभियान की तैयारी हो चुकी थी लेकिन अनुमति प्राप्ति की औपचारिकता अपूर्णता के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

APPROVED
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
7 Wonder City
ग्रेटर रायपुर का रियल गोल्ड
प्रोजेक्ट जो हर मायने में है सबसे खास
प्रीमियम आवासीय प्लॉट,
लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप
रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित,
महादेव घाट के पास


7 वंडर सिटी | संपर्क: 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर

मार्केटिंग एजेंट चाहिए
रियल एस्टेट के क्षेत्र में मार्केटिंग एजेंट बनकर
सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं

धमतरी - कुरुद, मगरलोड, भखारा, नगरी, सिहावा, धमतरी में मार्केटिंग एजेंट की आवश्यकता है।
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि. एक प्रतिष्ठित बिल्डर एवं डेवलपर फर्म है, जिसने 10 वर्षों में कई सफल प्रोजेक्ट्स दिये हैं। अपने बिजनेस के विस्तार के लिए हम प्रदान कर रहे हैं एक सुनहरा अवसर जिसमें आप हमारे मार्केटिंग एजेंट बन सुनिश्चित करें अपना एक सुनहरा भविष्य।
एलआईसी एजेंट, म्यूच्यूअल फण्ड एजेंट, रियल एस्टेट ब्रोकर, आर्थिक रूप से मजबूत, प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका खुद का व्यवसाय हो संपर्क करें:
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि.
Mob. 7974656799
02, सेकंड फ्लोर, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर
Email: 7wondercitymarketing@gmail.com
7 Wonder City

## खबर संक्षेप

### आरएसएस के सौ वर्षों की यात्रा तप, त्याग की मिसाल : मोहनलाल

**धमतरी।** समाजसेवी मोहनलाल साहू ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा को तप, त्याग और अनुशासन की अखंड साधना बताया है। उन्होंने कहा कि हर स्वयंसेवक ने अपने जीवन को मां भारती के चरणों में समर्पित कर राष्ट्र निर्माण के यज्ञ को निरंतर प्रज्वलित रखा है। 100 वर्षों की यह साधना आज एक अविचल संकल्प के रूप में स्थापित है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण संघ का मूल मंत्र है, जो भारत के विकास और समृद्धि का आधार है।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता मांगा


कमल वर्मा


डोमार सिंह ध्रुव

- फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र की तर्ज पर 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। फेडरेशन ने पत्र में उल्लेख किया है कि केंद्र सरकार द्वारा जुलाई 2025 से कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 3 प्रतिशत डीए स्वीकृत किया गया है, जिसके बाद अब केंद्रीय कर्मचारियों को कुल 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 55 प्रतिशत डीए ही दिया जा रहा है जो केंद्र से 3 प्रतिशत कम है। फेडरेशन ने कहा कि 11 सूत्रीय मांगों में यह प्रमुख मांग है। 25 सितम्बर को मुख्यमंत्री निवास में प्रतिनिधि मंडल से हुई बैठक में भी यह विषय प्रमुखता से उठाया गया था। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि राज्य के 125 मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन इस मुद्दे पर एकजुट हैं। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने कहा है कि न केवल कर्मचारियों को देय तिथि से डीए दिया जाए, बल्कि पूर्व के डीए एरियर्स का भुगतान भी मोदी की गारंटी के तहत शीघ्र किया जाए।

### सांकरा में रोपे गए 100 पौधे

**सांकरा।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पर हायर सेकेण्डारी स्कूल सांकरा में सिंदूरी, जामुन, सीताफल, अमरूद के 100 पौधे रोपे गए। मौके पर नागेन्द्र बोरझा सरपंच, गिरवर भंडारी अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा, राजेश्वरनाथ गोसाई जनपद सदस्य, पवन साहू उपाध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति, छगन साहू सचिव ग्राम व्यवस्था समिति, उमेश सोरी वन परिक्षेत्र अधिकारी सांकरा उपस्थित थे।

माता की विसर्जन यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# सांग-बाना के साथ हैरतअंगेज अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर की परंपरानुसार दशहरा के दूसरे दिन कुरूद में धूमधाम से नगर में विराजी मां आदिशक्ति जगदम्बे भवानी की विसर्जन शोभायात्रा निकली गई। इस दिन जस पारंपरिक सेवा गीतों और धुमाल-डीजे की मधुर थाप के साथ सांग-बाना में थिरकते हुए माता के प्रति भक्ति और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

शुक्रवार को विसर्जन शोभायात्रा दुर्गा पंडालों से निर्धारित मार्गों से निकलकर नगर के हृदय स्थल पुराना बाजार में पहुंची जहां बोल बम सेवा समिति द्वारा स्वागत मंच बनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत अपने अपने मार्गों से गुजरते हुए नया तालाब , धोबनीपारा तालाब , पचरीपारा तालाब, वृंदावन सरोवर पहुंची और विधिवत पूजा अर्चना कर माता रानी को विदाई देते हुए विसर्जित किया गया। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान तेज बारिश ने



खलल डाली, इसके बावजूद उत्साह में कमी नहीं रही और सभी ने भीगते बारिश में नाचते गाते हुए जय माता दी जयकारे के साथ आस्था प्रकट की।

### विभिन्न समितियों ने स्वागत कर बांटा प्रसाद

पुराना बाजार में बोल बम सेवा समिति द्वारा बने स्वागत मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर , भानु चंद्राकर, प्रभात बैस, कमलेश चंद्राकर , विकास रेड्डी ,किशोर यादव, संजु चंद्राकर, राज देवांगन, खेमराज सिन्हा सहित समाजसेवियों और गणमान्य जनों ने सभी प्रतिमाओं का स्वागत पुष्प वर्षा, पूजन वंदन कर जनकल्याण और क्षेत्र के विकास की कामना की। हुतात्मा चौक में शुक्ला परिवार द्वारा और पुराना बाजार में शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति बैगापारा द्वारा भक्तों के लिए प्रसादी और पेयजल का वितरण किया गया।

#### कला-कौशल का प्रदर्शन कर आस्था प्रकट की



शंकर नगर दुर्गा समिति की ओर से जय महामाया अखाड़ा परसुली और संजय नगर दुर्गा समिति की ओर से जय बजरंग अखाड़ा दल सोरम द्वारा हैरत अंगेज अखाड़ा का प्रदर्शन कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया गया। डीजे और धुमाल की मधुर थाप पर नाचते गाते भक्तों ने नमन किया। वहीं पारंपरिक जस सेवा गीतों के साथ सांग बाना लिए हुए भक्तों ने आस्था प्रकट की। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त माता रानी की अंतिम झलक पाने उमड़े और सभी ने पूजन वंदन कर मनोकामना की अर्जी लगाई। वहीं विभिन्न समितियों ने विदाई की। इस बेला में झांकियां व कला कौशल का प्रदर्शन कर अपनी आस्था प्रकट की।

## रावण दहन व आकर्षक आतिशबाजी ने मोहा मन







- नगरी में विजयादशमी पर्व आस्था, उल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विजयादशमी पर्व पर नगरी नगर में इस बार भी परंपरागत आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन नव आनंद कला मंदिर नगरी के तत्वावधान में नगर स्तरीय नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव का आयोजन रावण भाठा मैदान में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर भ्रमण से हुई, जहां भगवान श्रीराम की शोभायात्रा राम दल और रावण की शोभायात्रा रावण दल के रूप में सजी-धजी झांकियाँ रथ पर सवार हो नगर की गलियों से होते हुए मैदान रावण भाटा नगरी पहुंची। आकर्षक परिधानों, डीजे के जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। रावण भाठा मैदान में पुरानी बस्ती सेवा दल के कलाकारों द्वारा मंचित राम-रावण युद्ध का सजीव प्रदर्शन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। जब भगवान श्रीराम ने अपने दिव्य बाण से रावण का वध किया, उसी क्षण 35 फीट ऊंचे विशाल रावण पुतले में अग्नि लगाई गई। रावण दहन के साथ ही आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से जगमगा उठा। आंध्रप्रदेश से मंगाई गई उच्च गुणवत्ता की आतिशबाजियों ने आकाश को जगमगाते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। चारों ओर गगनभेदी धमाके, पटाखों की चमक और दर्शकों की तालियों की गूंज से पूरा मैदान उत्साह से भर गया। इस दौरान बस्तर राजवाड़ा की सांस्कृतिक धरोहर प्राचीन मां दंतेश्वरी मंदिर (गांधी चौक नगरी) का भी उल्लेख हुआ, जहां आज भी पारंपरिक दशहरा पर्व विशेष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। पूरे नगर में मेले जैसा वातावरण रहा, दुकानों पर नागरिकों की भारी भीड़ रही। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस आयोजन में नव आनंद कला मंदिर अध्यक्ष मोरज पटेल, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, सचिव दीपेश निषाद, सहसचिव भरतलाल साहू, अशोक पटेल, रवेंद्र साहू, अश्वनी निषाद, शंकर देव, देवचरण ध्रुव, नेहल देवांगन, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल सरपा, हेमलाल सेन, हरीश सार्वा, धरम निषाद ,कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, श्रीराम नवयुवक परिषद नगरी के उपाध्यक्ष रोहित नाग, हरीश यादव, सहसचिव महेंद्र साहू, शंभु चिण्डा सहित हृदय नाग, बृजलाल सार्वा, नोहर साहू, परसादी राम चंद्रवंशी, उत्तम गौर, ओमप्रकाश पटेल का योगदान रहा। इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन न केवल परंपरा को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने धर्म, संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं।

## सुपेला में आतिशबाजी के साथ मना दशहरा पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम सुपेला (भखारा) में नवज्योति नाट्य कला समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाई गई। रंग-बिरंगे पटाखों के साथ आतिशबाजी भी हुई। रामलीला का मंचन गांव के भूले बिसरे कलाकारों द्वारा किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रभु श्रीराम ने जैसे ही रावण का वध किया तभी मंच पर बैठे दर्शकों ने जय-जय श्री राम का जयघोष किया। रावण वध पश्चात गांव के लोगों ने एक-दूसरे को रैनी पत्ती भेंटकर भाईचारे और आपसी सौहार्द्र का परिचय दिया। श्रीराम के किरदार में झानेंद्र साहू, लक्ष्मण जतिन साहू, हनुमान कन्हैयालाल साहू, रावण कुलदीप साहू, कुंभकरण रघुवीर साहू, मेघनाथ विकास साहू, अहिरावण दयालुराम साहू, विभीषण गगनदीप साहू बने। संगीत पक्ष में बिसाहूराम यादव, रोहित ध्रुव, विवेक ध्रुव एवं व्यासपीठ में कृष्णदयाल साहू, हितेंद्र साहू रहे।

इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के संरक्षक सोनऊराम देवांगन, बुद्धदेव साहू, पन्नालाल साहू, ललित सेन, संतराम साहू, दिव्यप्रकाश साहू, सूर्यकांत देवांगन, खिलावन साहू, भूषण साहू, भास्कर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### निधन : रामकुमार बांसकर



**सिर्री।** ग्राम नारी के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार बांसकर का आकस्मिक निधन 2 अक्टूबर गुरुवार शाम को हो गया। वे विद्युत डिवीजन कांकेर में कार्यपालन अभियंता के रूप में पदस्थ थे। वे शिक्षक पवन बांसकर के छोटे भाई थे। उनके निधन पर ग्रामवासियों सहित समाजजन एवं इष्टजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## अंचल की खबरें

### अंवरी में 15 फीट रावण के पुतले का दहन





**अंवरी।** असत्य पर सत्य एवं अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक दशहरा महोत्सव ग्राम अंवरी में हर्षोल्लास से मनाया गया। 15 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी धूमधाम से मनाया गया। रामलीला कार्यक्रम का मंचन गांव के भूले बिसरे कलाकारों के द्वारा किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रभु श्रीराम के किरदार निभाने वाले कलाकार के द्वारा रावण वध किया गया तब मंच पर बैठे दर्शकों ने जय-जय श्रीराम का जयघोष किया एवं रावण वध पश्चात गांव के लोगों ने एक-दूसरे को रैनी पत्ती भेंटकर भाईचारे और आपसी सौहार्द्र का परिचय दिया। इसके बाद छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम हुआ। सरपंच हितेन्द्रनाथ मंडल ने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है।

### गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को दिलाई आजादी



- कोसमर्रा स्कूल में गांधी जयंती मनाई गई

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य बालकृष्ण साहू, चैतराम साहू, पुष्पेन्द्र गुरु, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू ने गांधीजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सभी विद्यार्थियों को उनकी जीवनी को आत्मसात करना चाहिए। शिक्षकों ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलाई। वासुदेव कुमार सोनबेर ने स्वयंसेवकों से आव्हान किया कि आज हमें गांधी जयंती पर नशामुक्ति अभियान और स्वच्छता अभियान का संकल्प लेना होगा। स्वयंसेवको ने महात्मा गांधी की जीवनी पर गीत, भाषण, कविता एवं अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

### आरएसएस ने शस्त्र पूजन कर मनाया विजयादशमी पर्व



**कुरूद।** विजयदशमी पर्व पर खेल मेला मैदान कुरूद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कार्यवाहक कुरूद द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर खंड प्रमुख केशव चन्द्राकर ने कहा कि हमारे देश के ऋषि मुनियों ने हिंदू समाज को सक्रिय जागरूक और शक्ति संपन्न बनाने के लिए एवं सामाजिक समरसता, सद्भाव के लिए अनेक प्रकार के उत्सव का सृजन किया। उसमें से एक यह विजयादशमी उत्सव है, जिसे असत्य पर सत्य का विजय, अन्याय पर न्याय का विजय, राम का रावण पर विजय के लिए मनाते हैं। हम राम रावण युद्ध के बारे में जानते हैं कि दोनों ने शक्ति की आराधना की थी लेकिन रामजी की आराधना में लोकमंगल का कार्य जुड़ा था इसलिए उनकी विजय हुई। हिंदू समाज को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर बढ़ने वाली कार्य पद्धति है। इस अवसर पर दक्षिणेंद्र गिरी, निरंजन सिन्हा, त्रिलोकचंद जैन, खिलेंद्र चंद्राकर, मालक राम साहू, धनेश्वर निर्मलकर, रंजीत साहू, जितेंद्र चन्द्राकर, नेमीचंद बैस, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, डुगेश साहू सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### बच्चों ने सुवा, कर्मा, ददरिया, जसगीत की दी मनमोहक प्रस्तुति



**नगरी।** विजयादशमी पर रावण वध के उपरांत रामनगर रामायण मंडली, जंगलपारा नगरी द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली। छोटे-छोटे बच्चों ने सुवा, कर्मा, ददरिया, जसगीत सहित छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति में मासूमियत और उत्साह की ऐसी छाप थी कि दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला बढ़ाया। अन्य गीतों और प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व पुरुषों की भारी भीड़ मौजूद रही, जिन्होंने लोकधुनों और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का भरपूर आनंद लिया। पूरा वातावरण लोक संस्कृति की रंगत और उत्सव की उमंग से सराबोर हो गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नरेश छदैया, योगेश साहू, शंकर देव, देवेंद्र साहू, भारत साहू, दीपेश समेत अन्य मौजूद थे। नपं अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आने वाली पीढ़ियों में सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और संजोने की प्रेरणा मिलती है।

## खेल प्रतियोगिता में हटकेशर के चार खिलाड़ियों का चयन

**धमतरी।** राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय हटकेशर के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कुश्ती प्रतियोगिता बालिका अंडर 19 वर्ष वर्ग में कुमकुम यादव, बालक अंडर 17 वर्ष में यमन यादव और दुर्गेश्वर साहू चुने गए हैं। यह प्रतियोगिता 5 से 9 अक्टूबर तक जांजगीर चांपा में होगी।

इसी प्रकार राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता महासमुंद के लिए अंडर 17 वर्ष वर्ग में हैंडबॉल खिलाड़ी भावेश पटेल का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी 5 अक्टूबर



को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी शकीला देवदास, शाला समिति के अध्यक्ष केवल सिंह साहू, प्राचार्य आरके शर्मा, व्यायाम शिक्षक खिलेन्द्र साहू, कुश्ती कोच लक्ष्मण साहू, विजय यादव एवं नुमेश यादव ने हर्ष जताया है।

## स्वच्छता मित्र के रुप में बनाई अपनी पहचान

- हटकेशर वार्ड के जसवंत झाड़ू लेकर रोज सुबह दो घंटे सफाई अभियान में जुटते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पिछले दस साल से हटकेशर का एक युवक स्वच्छता का संदेश दे रहा है। रोज सवेरे दो घंटे की साफ सफाई उनकी दिनचर्या में शामिल है। वार्ड में जसवंत पटेल का नाम स्वच्छता मित्र के रुप में जाना जाता है।

समाज में बिरले लोग होते हैं जिसका मिजाज जरा हटकर होता है। हटकेशर में ऐसा ही एक बंदा है जिनके साफ -सफाई अभियान से



लोग प्रभावित हैं। जसवंत पटेल ने बताया कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद स्वच्छ भारत अभियान चलाया। अब प्रधानमंत्री से लेकर कलेक्टर तक झाड़ू लगाने लगे, जिससे उसका हृदय परिवर्तन हुआ। तब से रोज अपनी दिनचर्या में दो घंटे के सफाई अभियान को शामिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि पहले नाग मंदिर परिसर से सफाई अभियान शुरु किया। सालभर बाद उनके सफाई अभियान से प्रभावित होकर कुछ लोग उनका हाथ बंटाने लगे। फिर उसने साफ सफाई का दायरा बढ़ाकर नाग मंदिर चौक के आसपास की सफाई शुरु की। कुछ साल बाद नाग मंदिर चौक तथा मंदिर परिसर की सफाई के लिए आसपास के लोग जुट गए। अब वे रोज नागसागर तालाब के आसपास दो घंटे साफ सफाई करते हैं।

हटकेशर वार्ड निवासी अशोक पटेल, जगतराम साहू, संतोष देवांगन ने बताया कि वार्ड के लोग जसवंत पटेल को स्वच्छता मित्र के नाम से जानते हैं। सुबह 6 बजे से वे घर से झाड़ू और सुपली लेकर निकलते हैं। तालाब के आसपास बिखरे कागज, डिस्पोजल, पालीथिन आदि कचरों की सफाई करते हैं। उनके इस अभियान से वार्ड के कुछ लोग इस तरह प्रभावित हुए कि वे भी स्वच्छता अभियान के कारवां से जुड़ गए हैं। गुरुवार को गांधी जयंती पर जसवंत पटेल ने रोज की तरफ नागसागर तालाब के आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## उमरगांव की श्रुति का उत्कर्ष योजना में चयन

**नगरी।** ग्राम उमरगांव की होनहार छात्रा श्रुति ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना में चयन प्राप्त किया है। वह श्रवण कुमार शेष एवं स्कंद शेष की पुत्री है। श्रुति ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा महानदी एकेडमी देउरपारा सिहावा में पूरी की है। अब उनका चयन कक्षा 6 वीं हेतु जेपी इंटरनेशनल स्कूल



कांकेर में हुआ है, जो उत्कर्ष योजना अंतर्गत संचालित विद्यालयों में से एक है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षक अहमद रजा सहित अन्यत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सफलता पर मोहन पुजारी पूर्व सरपंच, कृष्ण कुमार मारकोले अध्यक्ष ग्राम समिति, फलेन्द्र साहू उपसरपंच, महेश अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता, देवेन्द्र सेन, अंगेश हिरवानी, विष्णु शेष, संतोष कामड़े, कोमल शेष, टेमन मरकाम, गंगाधर विश्वकर्मा, रवि मरकाम ने हर्ष जताया है।

### भखारा में गांधी-शास्त्री की जयंती मनी

**कोर्रा(भखारा)।** दो अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। भखारा के गांधी चौक में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने विजडम फिजिकल ट्रेनिंग अकेडमी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने दोनों महापुरुषों के मार्गदर्शन पर चलकर देश में एकता और भाईचारा के साथ रहकर विकास में भागीदारी देने की बात कही।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

14 सांग बाना के साथ हैरत अंगेज अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र



16 5 गांव के 500 किसानों की 700 एकड़ फसल डुबी





## खबर संक्षेप

### सोसाइटियों को मिला धान खरीदी का कमीशन

**पुरी।** छग शासन द्वारा गत वर्ष धान खरीदी 24-25 की कमीशन राशि 18 करोड़ 82 लाख 94,482 रुपये जिले की 74 समितियों के खाते में जमा हो गई है। इससे समितियों को राहत मिली है। इससे कर्मचारियों को समय पर वेतन भी प्राप्त होगा। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी है।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 13 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में बीए, बीकॉम, बीएससी (बायो एवं गणित) प्रथम सेमेस्टर में पंजीकृत स्वाध्यायी छात्राओं की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 13 से 15 अक्टूबर तक आयोजित है। छात्राएं समय सारिणी का अवलोकन महाविद्यालय के सूचना पटल तथा वेबसाईट पर कर सकती हैं।

### दशहरा की रात्रि युवक ने लगाई फांसी

**मगरलोड।** दशहरा पर्व के एक दिन बाद मगरलोड में दशहरा मनाने की काफी पुराना परंपरा चली आ रही है। 3 अक्टूबर की रात्रि लतीफ खान उम्र 17 वर्ष ने घर के अंदर पंखे में कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और युवक को नीचे उतारकर रायपुर रिफर किया। डॉक्टर ने जांच पश्चात युवक को मृत घोषित किया। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। रायपुर से मगरलोड आने के बाद मृतक के शव का दाह संस्कार किया गया।

ई-ऑफिस को अनिवार्य रूप से सभी ऑफिस में लागू करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कागजों में नहीं, कम्प्यूटर में पहुंचेंगी सरकारी फाइलें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक ऑफिस से दूसरे ऑफिस अब फाइलें वर्चुअली पहुंचेंगी। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता से लागू करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं आगामी बैठक में ई ऑफिस के माध्यम से हुए कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। कोई विभाग इसमें कोताही बरतता है, उसकी परेड ली जाएगी।

सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने और काम की रफ्तार बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने ई ऑफिस प्रणाली लागू की है। इसके तहत सभी विभाग में फाइल, नोटशीट, सूचना, पत्र सहित अन्य कार्य वर्चुअली पेपरलेस माध्यम से किया जाना है। लंबे समय से धमतरी में इस प्रणाली को लागू करने का प्रयास जारी है, लेकिन सरकारी कर्मचारियों की कोताही के चलते यह प्रणाली पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसे लेकर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सभी सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही आयोजित कई बैठकों में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि अब सभी शासकीय पत्राचार, रूटीन फाइलें, मूलभूत वित्तीय फाइलें अनिवार्य रूप से ई ऑफिस प्लेटफार्म पर ही संचालिए किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि आगामी बैठक में वे ई-ऑफिस की समीक्षा करेंगे। विभागों द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली से किए गए कार्यों की समरी तैयार की जाएगी। इससे यह पता चलेगा कि कितनी फाइलें ई-ऑफिस प्रणाली से आदान प्रदान की गई हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि ऑफिसों में निर्देशों का कितना पालन किया जाता है। किन ऑफिसों में ई-ऑफिस प्रणाली पूर्ण रुप से लागू की गई है।

#### समस्या का होगा त्वरित समाधान

ई-ऑफिस के सुचारु संचालन के लिए अधिकारी और कर्मचारी नोटशीट लेखन, दस्तावेज संलग्न करना, फाइल बनाना और उसे भेजना पूरी तरह समझ गए हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो वे एनआईसी या तकनीकी टीम से मार्गदर्शन भी ले सकते हैं। ई- ऑफिस पारंपरिक कार्य संस्कृति से हटकर डिजिटल और पारदर्शी कार्य संस्कृति की ओर एक बड़ा कदम है। इससे समय की बचत होगी। कार्यों में अनावश्यक देर नहीं होगी और विभागों के बीच समन्वय भी और बेहतर हो सकेगा।



#### प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि

ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से धमतरी जिले में प्रशासनिक दक्षता और गति दोनों बढ़ेगी। यह कदम न केवल शासन की प्राथमिकता है बल्कि जिले की प्रशासनिक कार्यशैली को आधुनिक बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास भी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा है कि सभी को ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता से अपनाना आवश्यक है।

**पेपरलेस होगा काम**

ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के लिए हर कर्मचारी को यूजर आईडी दी गई है। इस आईडी के माध्यम से वे फाइलों का लेनदेन करेंगे। अब तक काम पेपर पर हो रहा था। अब कम्प्यूटर, लैपटाप या अन्य डिजिटल माध्यम से फाइलों का लेनदेन पेपरलेस होगा। ई-ऑफिस प्रणाली शासन की पारदर्शी और सुगम प्रशासनिक प्लेटफार्म है। इसका उद्देश्य न केवल कार्यालयीन कार्यों को तेज करना है बल्कि प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही भी सुनिश्चित करनी है। जब समस्त पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से होगा तो अनावश्यक विलंब समाप्त होगा। फाइलों की ट्रैकिंग आसान होगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

## जिलाबदर बदमाश बटंची चाकू के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिलाबदर किए गए बदमाश को सामुदायिक भवन के पास बटंची चाकू के साथ कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस नियमित शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से जिलाबदर बदमाश मुकेश सोनकर को विंध्यवासिनी वार्ड में स्थित सामुदायिक भवन के पास प्रतिबंधित स्प्रिंगदार बटंची चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देख आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ उसके कब्जे से बटंची चाकू जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने जिलाबदर अवधि में जिले में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की अनुमति प्रस्तुत नहीं की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 223 बीएनएस, आर्म्स एक्ट 25, 27 एवं छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा का उल्लंघन पाये जाने पर आरोपी मुकेश सोनकर पिता राधेश्याम उम्र 21 वर्ष कारगिल चौक विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा जिलाबदर अपराधियों एवं गुंडा बदमाशों व असामाजिक तत्वों पर बड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



- सामुदायिक भवन के पास लहराया चाकू

## भीषण सड़क हादसे में एसटीएफ जवान सहित तीन की मौत

- नगरी-मार्ग में कुकरेल के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में काम निपटाकर वापस अपने गांव लौट रहे एसटीएफ के जवान सहित तीन युवकों की बुलेट कुकरेल के पास सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे घुस गई। घटना में तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

परिजन व अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बाजार कुर्रीडीह निवासी डोमेश्वर नेताम पिता रतनूराम उम्र 29 वर्ष एसटीएफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। इन दिनों उसकी पोस्टिंग बीजापुर जिले में थी। डोमेश्वर का वर्ष 2019 में फोर्स में चयन हुआ था। जवान 23 सितंबर को छुट्टी लेकर अपने घर बाजार कुर्रीडीह आया था। शुक्रवार को डोमेश्वर गांव के दिवस कोर्राम पिता शिवराम उम्र 34 वर्ष व बाजार कुर्रीडीह के आश्रित ग्राम पीपरछेड़ी निवासी पालेश्वर यादव पिता मदनलाल उम्र 32 वर्ष के साथ अपनी बुलेट से किसी काम से धमतरी आए थे। शहर में काम निपटाकर तीनों देर रात बुलेट में सवार होकर नगरी मार्ग से होते हुए अपने घर बाजार कुर्रीडीह लौट रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश हो रही थी। ग्राम कुकरेल के पास भारतमाला परियोजना के लिए राखड़ लेकर जा रहा ट्रेलर सड़क किनारे खड़ा था तभी बुलेट खड़े ट्रेलर के पीछे से टकराते हुए भीतर घुस गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में एसटीएफ का जवान बुलेट में फंसकर ट्रेलर के पीछे घुस गया। वहीं पीछे बैठे दोनों युवक ट्रेलर से टकराकर दूर फेंका गए। घटना में डोमेश्वर का सीना फट गया। वहीं दोनों युवकों के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। इस भीषण सड़क दुर्घटना में एसटीएफ जवान सहित तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। सूचना पर केरेगांव पुलिस घटनास्थल पहुंची और कुकरेल लोकेशन की संजीवनी 108 की मदद से तीनों को जिला अस्पताल भेज दिया। डाक्टर ने चेकअप के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। शवों को मर्च्यूरी में शिफ्ट कर दिया गया।

घटना की जानकारी होते ही ग्राम बाजार कुर्रीडीह व पीपरछेड़ी में शोक की लहर फैल गई। मृतकों के परिजन व ग्रामीण रात्रि में ही जिला अस्पताल पहुंच गए। चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर तीनों शव का बारी-बारी से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक पालेश्वर यादव ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह में मेट का काम करता था। दिवस कोर्राम खेती किसानी करता था। वहीं डोमेश्वर नेताम एसटीएफ का जवान था। पालेश्वर व दिवस की शादी हो चुकी थी। वहीं डोमेश्वर अविवाहित था।





मृतक डोमार



मृतक दिवस



मृतक पालेश्वर

केन्द्रीय पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव की सरगर्मी तेज

- 8 अक्टूबर तक जिले के सभी ब्लाक में घूमकर लेंगीं फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेस पार्टी में नए जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को राजीव भवन में माहौल गहमागहमी और उत्सुकता से भरा रहा। नए जिलाध्यक्ष की चयन प्रक्रिया के तहत पर्यवेक्षक के रूप में राजस्थान की पूर्व राज्य मंत्री तथा केन्द्रीय पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती जिले के दौरे पर हैं। राजीव भवन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। महिला पर्यवेक्षक रेहाना रियाज के साथ प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व मंत्री शिव डहरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीरेश ठाकुर थे।

राजीव भवन में जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ता एवं दावेदारों के समर्थकों का हुजूम उमड़ा रहा। पर्यवेक्षक रेहाना रियाज के साथ तीन सहप्रभारी डॉ. शिव डहरिया, लालजीत सिंह राठिया, गुरूदयाल बंजारे ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के विचार सुने और उनकी समस्याओं और सुझाव को ध्यान में रखा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य चुनाव को पारदर्शी एवं सामूहिक सहमति से संपन्न कराना है। इस मौके पर दर्जन भर कांग्रेस नेताओं ने जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी की जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, नीशु चन्द्राकर, आनंद पवार, नीलम चन्द्राकर, तपन चन्द्राकर, विजय देवांगन, राजेन्द्र सोनी, दानी चन्द्राकर, आशीष सोनी, भरत नाहर शामिल हैं।

शनिवार को पर्यवेक्षक एवं वरिष्ठ नेताओं का राजीव भवन में आगमन हुआ। उनका कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायकद्वय ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, शरद लोहाना, पंकज महावर, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, नीशु चन्द्राकर, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, गुरूमुख सिंह होरा, हर्षद मेहता, विपिन साहू, नीलम चन्द्राकर, प्रभात राव मेघावाले, तपन चन्द्राकर, तारिणी चन्द्राकर, राजेन्द्र सोनी, राजकुमारी दीवान, कविता बाबर, आनंद पवार, मनीषा साहू, गोपाल शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, राजा देवांगन, अरविंद दोशी, विजय गोलछा, आकाश गोलछा, मंजीत छाबड़ा, भरत नाहर, आशीष थिटे, होरीलाल साहू, नरेश जसूजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।




#### अंडर 50 का होगा जिलाध्यक्ष : रेहाना

केन्द्रीय पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती ने प्रेसवार्ता में कहा कि वे 8 अक्टूबर तक जिले में रहकर महिला संगठन, व्यापार मंडल, अधिवक्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख संगठनों से संवाद करेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की पूरी जानकारी लेकर 22 अक्टूबर को रिपोर्ट आलाकमान को सौंपेगी। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष के लिए 6 नाम की सूची आलाकमान को दी जाएगी, जिसमें एक नाम एससी वर्ग तथा एक नाम महिला नेता का होगा। पर्यवेक्षक ने कहा कि गुण दोष के आधार पर जिलाध्यक्ष का पद 50 साल से कम उम्र के कार्यकर्ता को दिया जाएगा। अन्य परिस्थिति एवं आवश्यक होने पर 50 प्लस के नेता को जिलाध्यक्ष का प्रभार दिया जा सकता है। पूर्व में पार्टी दगाबाजी करने वालों को मौका नहीं मिलेगा। उनके काम की भी मॉनिटरिंग की जा रही है।



### मेंटेनेंस कार्य के कारण जल आपूर्ति आंशिक बाधित रहेगी



**धमतरी।** नगर के जल शुद्धिकरण केंद्र में आगामी दिनों में मरम्मत एवं मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण पानी की आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। इस संबंध में आयुक्त ने बताया कि है कि वाटर फिल्टर प्लांट में मेंटेनेंस के दौरान शाम को जल आपूर्ति में अस्थायी कमी आ सकती है। फिल्टर प्लांट की मरम्मत आवश्यक है ताकि जल की गुणवत्ता और आपूर्ति प्रणाली को बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान पानी की आपूर्ति पूरी क्षमता से नहीं हो पाएगी, जिससे कुछ इलाकों में जल की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद प्लांट को पुनः चालू कर जल आपूर्ति को सामान्य किया जाएगा।

### लुगे में मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट




- एक को आई गंभीर चोट, रायपुर रिफर
- शीतला मंदिर से चुपचाप बैरग ले जाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम लुगे में शुक्रवार की रात्रि 9 बजे मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शीतला मंदिर में रखे बैरग (डांग) को कोई परिवार अपने घर ले गया। शीतला मंदिर में पूजा पाठ करने वाले बैगा को बैरग ले जाने की जानकारी नहीं हुई। बैरग को लेकर किसी ग्रामीण ने सोशल मीडिया में कमेंट किया। पूछताछ के दौरान दो पक्षों में वाद विवाद हो गया। विवाद मारपीट तक पहुंच गया। ग्रामीण बीरेंद्र साहू पिता स्व. भूषणलाल साहू के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे रायपुर रिफर किया गया है। दोनों पक्षों ने रात्रि में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रात्रि में ही घटनास्थल पहुंचकर मामले को शांत कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम लुगे में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बल की तैनाती की गई है। घटना की जानकारी होने पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम भी पहुंचीं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आवक थमने के बाद पानी का डिस्चार्ज 55 हजार से 2700 क्यूसेक पहुंचा

**महानदी में बाढ़ का खतरा टला**

# गंगरेल बांध के 8 में से 7 गेट हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध में पानी की आवक कम होते ही महानदी से पानी का डिस्चार्ज बंद हो गया है। शुक्रवार की शाम कैचमेंट एरिया से पानी की आवक को देखते हुए 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। 8 मुख्य गेट को खेला गया था। शनिवार को एक गेट के माध्यम से 2750 क्यूसेक पानी गंगरेल बांध से छूट रहा है।

शुक्रवार शाम को महानदी में बाढ़ की स्थिति बन आई थी। 8 गेट के माध्यम से 55 हजार क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ जा रहा था। बारिश थमने और बांध में पानी की आवक घटने से गंगरेल बांध से पानी का डिस्चार्ज सीमित कर दिया गया है। गंगरेल कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 6 बजे बांध में पानी की आवक 11094 क्यूसेक हो रही थी। 7 नंबर के मुख्य गेट से 1100 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं पेन स्टाक गेट से 1600 क्यूसेक पानी छूट रहा है। 348.70 मीटर लेवल वाले इस बांध में 348.58 मीटर जलभराव है। यह क्षमता का 98 प्रतिशत है।



#### सभी बांधों की तबीयत दुरूस्त

वापस जाते-जाते मानसून ने परियोजना के सभी बांध की तबीयत दुरूस्त कर दी है। गंगरेल बांध में 98 प्रतिशत जलभराव के साथ यहां पानी की आवक 11 हजार क्यूसेक तथा जावक 2700 क्यूसेक हो रही है। माड़मसिल्ली बांध में 99.86 प्रतिशत जलभराव है। यहां पानी की आवक 3611 क्यूसेक तथा जावक 3865 क्यूसेक हो रही है। दुधावा बांध में 8.264 टीएमसी जलभराव है। 82.37 प्रतिशत पानी के साथ यहां पानी की आवक 4513 क्यूसेक तथा जावक 80 क्यूसेक है। सोंढूर बांध में 76.58 प्रतिशत जलभराव है। यहां पानी की आवक 6330 क्यूसेक तथा जावक 6067 क्यूसेक हो रही है।



**खबर संक्षेप**

## बारना स्कूल के धनंजय का अंडर-19 कबड्डी में चयन



- रायपुर संभाग का करेंगे प्रतिनिधित्व

**कुरुद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना के कक्षा 12वीं के छात्र धनंजय कुमार का चयन 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 9 अक्टूबर तक महासमुंद जिले में आयोजित है जिसमें धनंजय बालक अंडर-19 वर्ग कबड्डी स्पर्धा में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ममता नेहरू निषाद, सरपंच दीपक पटेल ,शिक्षकगण पूनम हिरानी, उमा ठाकुर अरुण तिर्की, कांति प्रभा, चेतना साहू, मीनाक्षी सोनी, विनय पटेल, अमित खरे, पारस साहू, रोशन साहू, होमेन्द्र यादव, रवींद्र अटल, डोमेश निर्मलकर, नीरज ध्रुव, व्यायाम शिक्षक राजेश बंजारे ने हर्ष जताया है।

### किसानों ने कठौली-नवापारा मार्ग पर किया आठ घंटे प्रदर्शन

# 5 गांव के 500 किसानों की 700 एकड़ फसल डूबी

**तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा, एमएसपी दर पर मुआवजा मांगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





जिले में लगातार हुई भारी बारिश से गंगरेल में पानी आवक तेज हुई। बारिश से सिर्री क्षेत्र के ग्राम मौरीकला, धूमा, दुलना, पटेवा, कठौली के किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। भारी बारिश के चलते गंगरेल बांध में पानी की आवक बढ़ने से कुछ दिन पहले 5 गेट खोल दिए जाने से नदी नालों में पानी की आवक भरपूर हो गई और किनारे स्थित गांवों के किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। दुलना कठौली नाला में पानी की भरपूर आवक से लगभग 500 किसानों के 700 एकड़ धान की फसल डूबकर बर्बाद हो गई। 3 अक्टूबर की शाम से फसल डूब चुकी है और तालाब का रूप ले चुकी है। किसानों ने 8 घंटे तक स्टेट हाइवे नवापारा कुरूद मार्ग पर चक्का जाम किया।

फसल डूबने से गुस्साए लगभग 200 से अधिक किसानों ने 4 अक्टूबर शनिवार की सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कठौली-नवापारा मार्ग पर कठौली नाला के पास धरना प्रदर्शन किया। नारेबाजी भी हुई। ग्रामीण दिनभर परेशान रहे। राहगीरों को भी तकलीफों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस और धमतरी कठौली के पटवारी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने की कोशिश की लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शाम 6 बजे तक जारी रखा। कठौली के किसान गोपाल पटेल ने बताया कि उनका पूरा 2 एकड़ खेत उसी क्षेत्र में लगा हुआ है जो पूरा बर्बाद हो चुका है। सागर साहू, गोपाल पटेल सहित 5 गांवों के किसानों ने जल संसाधन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि एनीकट के सभी 74 गेट में से 18 गेट में सुधार कार्य की जरूरत है और बंद पड़ा हुआ है, जिससे पानी की निकासी नहीं हो पाती है और पानी फसल को बर्बाद कर देता है। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष अवगत कराने पर कभी ध्यान नहीं देते जिसके कारण पिछले 10 साल से लगातार किसानों की फसल बर्बाद हो रही है और मुआवजे के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिलता है। लंबे समय तक पानी में डूबे रहने से लगभग तैयार हो चुकी फसल पूरी तरह से खराब हो गई है। मौके पर तहसीलदार भी पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को आश्वासन देकर हटाने का प्रयास किया गया लेकिन किसानों ने प्रदर्शन जारी रखा।

5 गांवों के प्रदर्शनकारी किसानों ने तहसीलदार को शाम 6 बजे मांगपत्र सौंपा और प्रदर्शन समाप्त किया। मांग पत्र में सभी किसानों ने अधिकारियों द्वारा फसलों के नुकसान की जांच कर एमएसपी दर पर मुआवजा देने और दुलना एनीकट को तोड़ने या एनीकट के बिगड़े गेट की मरम्मत की मांग की है। साथ ही किसानों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग इस बार पूरी नहीं हुई तो जल्द ही अधिकारी द्वारा नुकसान का सर्वे कर मुआवजे की घोषणा नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। मौके पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी भी उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन में पुनेंद्र साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, उत्तम प्रकाश साहू, सागर साहू, डोमार साहू, गोपाल पटेल, छत्रपाल साहू, राहुल साहू, देवसागर पटेल, ओंकार साहू, डोमन साहू, गुलाब निषाद ,पोखू साहू, मिथिलेश सेन, चैतराम साहू ,लीलेश साहू, रवि साहू, गोवर्धन साहू, डोमार साहू, डोमार, रेखू निषाद, अरुण साहू, निर्मल समेत सैकड़ों किसान शामिल रहे।

## गंगरेल बांध से पानी छोड़ने पर मेघा एनीकट में 3 फीट पानी



- आवागमन हुआ बंद, मगरलोड क्षेत्र बना टापू

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

महानदी पुल के धसकने के बाद 21 सितंबर 2024 से आवागमन बंद हो गया है। सिंचाई विभाग द्वारा जल संग्रहण हेतु बनाए गए एनीकट से मोटरसाइकिल, साइकिल, पैदल यात्रियों का आवागमन हो रहा था। विगत एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से नदी नाला उफान पर है। गंगरेल बांध से पानी छोड़ने पर मेघा एनीकट पर लगभग 3 फीट पानी चढ़ गया है जिससे आवागमन पूर्णतः बंद है।

आवागमन बंद होने से मगरलोड क्षेत्र टापू बन गया है। क्षेत्रवासियों को कुरूद, धमतरी, रायपुर व अन्य शहर आने-जाने के लिए 40 से 50 किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। मेघा से भारतमाला मार्ग या करेली बड़ी खट्टी मार्ग से आवागमन किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि दोनों मार्ग अत्यंत जर्जर हो गया है। करेली बड़ी मार्ग पर सैकड़ों जगह गहरे गड्ढे हैं। इसी प्रकार भारतमाला मार्ग में रेत भरे हाईवे के चलने से गहरा गड्ढा बन गया है। मोटरसाइकिल, साइकिल सहित चारपहिया वाहन को चढ़ाने व उतरने में भय बना हुआ है। कभी भी हादसा होने की संभावना है।

## उमरगांव में रामलीला का मंचन, बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश

- गरुड़ रथ ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, कुंभकरण रहा लोगों के बीच चर्चा का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





ग्राम उमरगांव में नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन किया गया। बाल मंडली गौरा चौक ठाकुरपारा के बाल कलाकारों ने 3 अक्टूबर शुक्रवार को बाजार चौक रंगमंच में रावण वध का मनमोहक मंचन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

2 अक्टूबर गुरुवार को रामलीला मंचन और रावण दहन होना था, लेकिन तेज वर्षा के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इसके बावजूद देव दशहरा मनाकर रैनी वध और पुतला दहन किया गया। नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति और ग्रामीणों की उपस्थिति में रामलीला का मंचन अगले दिन 3 अक्टूबर शुक्रवार को करने का निर्णय लिया गया। रामलीला के अंतिम दृश्य में प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। रामलीला मंचन के संगीत पक्ष में बाल मंडली गौरा चौक ठाकुरपारा के अध्यक्ष घुराऊराम शेष, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार मारकोले, टिकेश सेन, विष्णु शेष सहित सदस्यों की भूमिका रही।

रामलीला मंचन कार्यक्रम के पश्चात रात में डीजे डांस और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केआर ठाकुर थे। अध्यक्षता मोहन पुजारी ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच फलेंद्र साहू, समिति के उपाध्यक्ष पूनमचंद कश्यप, शोभित नेताम, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव जनक साहू, सहसचिव संतोष कामड़े, चंद्रभान यादव, मंच संचालक द्वय दुर्गेश पुजारी और डिकेश्वर साहू, पोखराज साहू, रोमेश साहू, कोमल शेष, चंद्रकांत पुजारी थे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र सेन ने किया।

### गरुड़ रथ से भव्य शोभायात्रा

प्रभु श्रीरामचंद्र अपने अनुज लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, विभीषण और वानर सेना के साथ गरुड़ रथ पर सवार होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर शोभायात्रा के साथ मंच तक पहुंचे। रथ की साज-सज्जा, गुलदस्ते और लाइट डेकोरेशन ने सभी का मन मोह लिया। रावण और कुंभकर्ण की झांकी शोभायात्रा में रावण माता सीता को लेकर अपने रथ पर चल रहे थे जबकि कुंभकर्ण अपने अलग रथ पर निद्रा की मुद्रा में खर्राटे लगाकर लेते हुए थे। पीछे राक्षस सेना चल रही थी, इन झांकियों ने माहौल को जीवंत बना दिया।

### बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति

मंच पर समिति के पदाधिकारियों ने प्रभु श्रीराम और उनकी सेना का स्वागत किया। बाल कलाकारों ने उत्कृष्ट संवाद और अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## भगवान राम का पुतला जलाने वालों को फांसी देने की मांग



- विहिप ने सर्व समाज प्रमुखों के साथ राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद ने भगवान श्रीराम का अपमान कर हिन्दू आस्था को ठेस पहुंचाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा है। विश्व हिन्दू परिषद ने ज्ञापन में कहा है कि 30 सितंबर को तमिलनाडु के थिरूवेरूम्बुर ब्लाक के आयानपुथुर गांव में एक गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण घटना कारित की गई है। एंथम तमिलकर संगम नामक समूह के कुछ लोगों ने सार्वजनिक रूप से भगवान श्रीराम का पुतला जलाया और अपमानजनक कृत्य करते हुए रावण की स्तुति में नारे लगाए। यह वीडियो फिफ्थ तमिल संगम नामक सोशल मीडिया हैंडल में साझा किया गया है। यह कृत्य करोड़ों हिन्दू समाज की आस्था पर सीधा प्रहार है। घटना पूर्णरूप से दंडनीय है। दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई भी संगठन या व्यक्ति धार्मिक आस्था का अपमान करने का दुस्साहस न कर सके। परिषद ने मांग की है कि दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक में सुनवाई कर फांसी की सजा दी जाए। संबंधित संगठन तथा सोशल मीडिया पर वैधानिक कार्रवाई कर प्रतिबंधित किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री रामचंद देवांगन, जिला सहमंत्री दीपक सोनी, जिला संयोजिका भूमिका कोर्राम, रंजीत साहू, आशीष कुंभकार, सिक्ख समाज प्रमुख हरजिंदर सिंह छाबड़ा, ईश्वरी पटवा, पद्मनी चंद्राकर, ईश्वरी नेताम, हेमलाल पटवा, डॉली सोनी, रेणुका नाडेमकर, बिमला पटेल, छविन्द्र सोनी, नील पटेल, चंद्रकला पटेल, हेमलाल यादव, वैभव साहू, एनेश देवांगन मौजूद थे।

## जिले भर में 560 व रूद्री बरॉज में 100 से अधिक दुर्गा माता की प्रतिमा विसर्जित



पुलिस की बल की तैनाती से नवरात्रि व दशहरा त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में नवरात्रि व दशहरा का त्योहार पुलिस के होमवर्क व जवानों की सघन तैनाती से शांतिपूर्ण व निर्विघ्न संपन्न हो गया है। इस नवरात्रि में जिले भर में 560 व रूद्री बरॉज में 100 से अधिक दुर्गा माता की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है।

जिले के सभी अनुभाग के थाना क्षेत्र में दुर्गा जी की झांकी व मूर्ति विसर्जन एवं दशहरा त्योहार इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा, उत्साह व सौहार्द्र के वातावरण में संपन्न हुआ है। लगातार 9 दिन व 9 रात चली इस नवरात्रि में शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित विशाल गरबा कार्यक्रम एवं दशहरा त्योहार में व्यापक स्तर पर पुलिस बल व पेट्रोलिंग की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान पुलिस बल ने अभूतपूर्व सतर्कता का परिचय दिया। प्रत्येक रूट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिसके चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। एसपी सूरज सिंह परिहार के कुशल निर्देशन एवं राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन और मौजूदगी में दुर्गा माता की झांकी व विसर्जन एवं दशहरा त्योहार के दौरान पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। निर्धारित रूट पर जगह-जगह पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान स्वयं एसपी श्री परिहार लगातार अधिकारियों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हुए हर स्थिति की जानकारी लेते रहे। झांकी व विसर्जन के दौरान भीड़भाड़ को देखते हुए सादी वर्दी में पुलिस कर्मी, महिला बल, यातायात पुलिस के साथ-साथ ड्रोन कैमरा, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था की सख्त मानिटरिंग और पुलिस बल की चौकसी के कारण कहीं भी अव्यवस्था, चाकूबाजी, पाकेटमारी या भगदड़ जैसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इसके लिए पुलिस द्वारा पूर्व में ही व्यापक स्तर पर होमवर्क कर लिया गया था। त्याहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, शैलेन्द्र पाण्डेय, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, एसडीएम पीयूष तिवारी, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, यशकरण दीप ध्रुव, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, नगरी एसडीओपी विपिन रंगारी, नगर निगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारी, थाना प्रभारी व क्यूआरटी, साइबर सेल सहित जिले के संपूर्ण पुलिस बल ने ड्यूटी पर तैनात रहकर भरपूर योगदान दिया है।

### 360 स्थानों पर रावण दहन

जिले के धमतरी, कुरूद एवं नगरी अनुभाग में दुर्गा जी की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन एवं दशहरा त्योहार श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिले भर में लगभग 560 से अधिक दुर्गा जी की प्रतिमा विसर्जित की गई। अकेले रूद्री बरॉज में ही शहर की ओर से 100 से अधिक छोटी-बड़ी मूर्तियां विधि-विधान से विसर्जित हुई। मूर्ति विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार तक चलता रहा। इसी तरह जिले के तीन अनुभाग में इस वर्ष 360 स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक**
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## शहर का औद्योगिक विकास तेजी से होगा : कैलाश





**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा के प्रयास से ग्राम छाती की 45 एकड़ भूमि राज्य शासन द्वारा उद्योग धंधों के लिए आवंटित की गई है जिससे शहर का औद्योगिक विकास तेजी से होगा उक्त बातें छ.ग. चेम्बर ऑफ कार्मस के जिला अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने कही।

छग चेम्बर ऑफ कार्मस के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश थारवानी ने कहा कि विकास की दौड़ में धमतरी बहुत पीछे है। श्री रोहरा के इस प्रयास से धमतरी के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। रोजगार के नये साधन उपलब्ध होंगे। नये-नये उद्योग धंधों की स्थापना से धमतरी का सर्वांगीण विकास होगा। छग चेम्बर ऑफ कार्मस की धमतरी जिला इकाई ने टैक्स की दरों में कटौती के लिये केन्द्र सरकार व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

आभार व्यक्त करने वालो में चेम्बर के दिनेश रोहरा, आलोक पाण्डेश्व, कन्हैया कामरानी, मितेश जैन, प्रमोद पाण्डेय, रमेश मिन्नी, राजेश आहूजा, श्याम लच्छवानी, मिहिर पटेल व मुरलीधर आदि प्रमुख है।







## बिजली कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

- 9 अक्टूबर को रायपुर में विशाल रैली निकाली जायेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री पीयूष कुमार सिन्हा ने बताया कि संविदाकर्मी के नियमितीकरण, पुरानी पेंशन बहाली, 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता सहित 22 सूत्रीय मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन के साथ कई बार सहमति बनी, लेकिन पॉवर कंपनी प्रबंधन ने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, जिसके विरोध में महासंघ का चरणबद्ध आंदोलन 29 अगस्त से चल रहा है। द्वितीय चरण में माह सितम्बर में अपनी मांगों के समर्थन के लिए जनजागरण अभियान चलाया गया। अब 1 से 8 अक्टूबर तक सभी विद्युत कर्मचारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। संभागीय अध्यक्ष लालजी साहू ने बताया कि 9 अक्टूबर को महासंघ द्वारा पॉवर कंपनी मुख्यालय रायपुर में विशाल रैली निकाली जायेगी। विरोध प्रदर्शन में धमतरी संभाग अंतर्गत रमाकांत साहू उपाध्यक्ष, लालाराम साहू कोषाध्यक्ष, रामाधार नेताम, अग्रहिज ठाकुर, सुरेन्द्र ध्रुव, पुनेश्वर दीवान, श्रीमती नम्रता जाचक, एकता गायकवाड़, मनीषा गौर, रूपा कौशिक, यामिनी सहारे, शिवबती साहू, सोनू भगत, सुभाष, संदीप, अमित, रामचंद्र रजक, पूनम, योगेश, संजय, देवेंद्र, ईश्वर, मनोज, खेमलाल सहित सभी संविदा व ठेका कर्मी सम्मिलित हुए। सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के महामंत्री पुनारद राम साहू ने कहा कि 9 अक्टूबर को रायपुर मुख्यालय में उपस्थित होकर अपनी एकता का परिचय दें। इसी प्रकार कुरुद संभाग में सुबोधकांत सिन्हा, निलेश डहरे, तेजेंद्र, हितेश, पिंकी ठाकुर, चन्द्राणी सिन्हा, गायत्री नवले, प्रिया साहू, संजय, प्रदीप, टीकूराम, नन्द कुमार, खम्मन, अन्नपूर्णा, भूपेंद्र, आफताब, तुलेन्द्र, नीलकमल, लिकेश, रंजीत, रविकांत ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।